MHIN-111

OPEN BOOK MA (PREVIOUS) EXAMINATION JANUARY-2021
(SLM Scheme)
HINDI (हिंदी)
Course I : KARNATAKA SANSKRITI AUR KANNADA SAHITYA
प्रश्न पत्र I : कर्नाटक संस्कृति और कन्नड साहित्य

Time: 3 Hours **Max. Marks : 80**

Note : All Sections are Compulsory

SECTION-A

I. किन्हीं <u>चार</u> पर टिप्पणियाँ लिखिए-- **(4x5=20)**

1. कर्नाटक राज्य की चतुःसीमा।
2. नागपूजा और भूताराधना।
3. द्वैतमत और मध्वाचार्य।
4. कविराज मार्ग।
5. कन्नड़ नवोदय काव्य।
6. शिवराम कारंत।

SECTION-B

II. किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(3x10=30)**

7. कन्नड़ साहित्य का विकास-क्रम समझाइए।
8. पंप पूर्व युगीन कन्नड़ साहित्य का परिचय दीजिए।
9. बसव कालीन साहित्यिक प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए।
10. कुमारव्यास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का विश्लेषण कीजिए।
11. कन्नड़ कहानी साहित्य का विकास-क्रम समझाइए।

SECTION-C

III. किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(2x15=30)**

12. कर्नाटक संस्कृति का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।
13. कर्नाटक की धार्मिक परंपरा का विवेचन कीजिए।
14. कर्नाटक की चित्रकला पर एक लेख लिखिए।
15. कर्नाटक की संगीत संस्कृति और नृत्य संस्कृति पर प्रकाश डालिए।

*****

MHIN-112

OPEN BOOK MA (PREVIOUS) EXAMINATION JANUARY-2021

(SLM Scheme) HINDI (हिंदी)

Course II : MODERN HINDI POETRY

प्रश्न पत्र II : आधुनिक हिंदी काव्य

Time: 3 Hours **Max. Marks : 80**

Note : All Sections are Compulsory

SECTION-A

I. किन्हीं चार की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।-- **(4x5=20)**

1. ओ चिंता की पहली रेखा,
   अरी विशअव-वन की ब्याली,
   ज्वालामुखी स्फोट के भीषण
   प्रथम कंप-सी मतवाली!

2. नयनों को रोने दे मन, तू संकीर्ण न बन, प्रिय बैठे है ,
   आँखों से ओझल हो, गये नहीं वे कहीं यहीं पैठे हैं।
   आँख, बता दे तू ही, तू हँसती या यथार्थ रोती है?
   तेरे अधर-दशन थे या तू भर अश्रुबिन्दु ढोती है?

3. बचकर हाय! पतंग मरे क्या?
   प्रणय छोड़कर प्राण धरे क्या?
   जले नहीं तो मरा करे क्या? क्या वह असफलता है
   दोनों ओर प्रेम पलता है--

4. आशा के प्रदीप को जलाये चलो धर्मराज,
   एक दिन होगी मुक्त भूमि रण-भीति से।
   भावना मनुष्य की न राग में रहेगी लिप्त,
   सेविता रहेगा नहीं जीवन अनीति से।

5. यह दीप, अकेला, स्नेह भरा
   है गर्व-भरा मदमाता, पर
   इसको भी पंक्ति दे दो।
   यह जन है : गाता गीत जिन्हें फिर और कौन गायेगा?
   पनडुब्बा : ये मोती सच्चे फिर कौन कृति लायेगा?
   यह समिधा : ऐसी आग हठीली बिरला सुलगायेगा।

6. आगे जीवन की संध्या है, देखें क्या हो आली,
   तू कहती है—'चंद्रोदय ही, काली में उजियाली?
   सिर-आँखों पर क्यों न कुमुदिनी लेगी वह पद-लाली?
   किंतु करेंगे कोक-शोक की तारे जो रखवाली?

SECTION-B

II. किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(3x10=30)**

7. 'साकेत' के किन्हीं दो पुरुष पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए।
8. 'कामायनी' में अभिव्यक्त दार्शनिक विचारों का निरूपण कीजिए।
9. निराला रचित 'तुलसीदास' के काव्य-सौंदर्य पर विचार कीजिए।
10. 'कुरुक्षेत्र' के आधार पर 'युधिष्ठिर' का चरित्र-चित्रण कीजिए।
11. पठित कविताओं के आधार पर सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की प्रगतिशील विचार-धारा की समीक्षा कीजिए।

SECTION-C

III. किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(2x15=30)**

12. 'साकेत' का कथासार अपने शब्दों में लिखिए।
13. महाकाव्य के तत्वों के आधार पर 'कामायनी' का मूल्यांकन कीजिए।
14. 'तुलसीदास' की विषयवस्तु का विश्लेषण कीजिए।
15. मुक्तिबोध की कविताओं की वस्तुगत उपलब्धियों की समीक्षा कीजिए।

*****

MHIN-113

OPEN BOOK MA (PREVIOUS) EXAMINATION JANUARY-2021
(SLM Scheme)
HINDI (हिंदी)
Course III : ADHUNIK HINDI GADYA SAHITYA
प्रश्न पत्र III : आधुनिक हिंदी गद्य साहित्य

Time: 3 Hours **Max. Marks : 80**

Note : All Sections are Compulsory

SECTION-A

I. किन्हीं चार की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।-- **(4x5=20)**

1. मेरी रानी ! ये आँखें ऐसी बुरी हैं कि जब किसी से लगती हैं तब कितना भी छिपाओ नहीं छिपतीं।
2. मैं स्वीकार करती हूँ कि आज तक मैं तुम्हारे विलास की सहचरी नहीं हुई, किंतु वह मेरा अहंकार पूर्ण हो गया है। मैं तुम्हारी होकर ही रहूँगी। राज्य और संपत्ति रहने पर राजा को—पुरुष का बहुत-सी रानियाँ और स्त्रियाँ मिलती हैं।
3. नहीं, स्त्री और पुरुष का परस्पर विश्वास पूर्वक अधिकार रक्षा और सहयोग ही तो विवाह कहा जाता है। यदि ऐसा न हो तो धर्म और विवाह खेल है।
4. क्या तुम्हें लाज भी नहीं आती? लोग तो सात पैर संग चलते हैं उसका जन्म भर निबाह करते हैं और तुम को नित्य की प्रीति का निबाह नहीं है।
5. मैं केवल यही कहना चाहती हूँ कि पुरुषों ने स्त्रियों को अपनी पशु-संपत्ति समझकर उन पर अत्याचार करने का अभ्यास बना लिया है, वह मेरे साथ चल नहीं सकता।
6. मेरा स्त्रीत्व क्या इतने का भी अधिकारी नहीं कि अपने को स्वामी समझनेवाला पुरुष उसके लिए प्राणों का पण लगा सके।

SECTION-B

II. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(3x10=30)**

7. ‘उत्साह’ निबंध की विशेषताओं को समझाइए।
8. ‘चंद्रावली’ नाटिका की नायिका का चरित्र-चित्रण कीजिए।
9. एकांकी के तत्त्वों के आधार पर ‘प्रतिशोध’ एकांकी का विवेचन कीजिए।
10. कहानी-कला की दृष्टि से ‘शरणागत’ कहानी की समीक्षा कीजिए।
11. ‘तमस’ उपन्यास के किन्हीं प्रमुख दो पात्रों का परिचय दीजिए।

SECTION-C

III. किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(2x15=30)**

12. ‘त्यागपत्र’ उपन्यास की कथावस्तु संक्षेप में लिखते हुए उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

13. ‘ध्रुवस्वामिनी’ के प्रमुख दो पात्रों का चरित्र-चित्रण प्रस्तुत कीजिए।

14. एकांकी कला के आधार पर ‘नये मेहमान’ की समीक्षा कीजिए।

15. शुक्लजी की निबंध-कला की समीक्षा कीजिए।

*****

MHIN-114

OPEN BOOK MA (PREVIOUS) EXAMINATION JANUARY-2021
(SLM Scheme)
HINDI (हिंदी)
Course IV : HISTORY OF HINDI LITERATURE AND HINDI GRAMMAR
प्रश्न पत्र IV : हिंदी साहित्य का इतिहास और हिंदी व्याकरण

Time: 3 Hours **Max. Marks : 80**

Note : All Sections are Compulsory

SECTION-A

I. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(4x5=20)**

1. वीरगाथा कालीन साहित्यिक प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।
2. रामभक्ति शाखा की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।
3. रीतिकालीन परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।
4. भविष्यत् काल किसे कहते हैं? उसके कितने भेद हैं? सोदाहरण समझाइए।
5. 'वचन' की परिभाषा देकर उसके भेदों को स्पष्ट कीजिए।
6. संज्ञा किसे कहते हैं? उसके भेदों को परिभाषित करते हुए सोदाहरण समझाइए।

SECTION-B

II. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(3x10=30)**

7. वर्तमानकाल किसे कहते हैं? उसके कितने भेद हैं? सोदाहरण समझाइए।
8. 'सर्वनाम' किसे कहते हैं? उसके कितने भेद हैं? सोदाहरण लिखिए।
9. संख्यावाचक विशेषण पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।
10. हिंदी कहानी के विकास पर प्रकाश डालिए।
11. हिंदी नाट्य-साहित्य के विकास-क्रम पर एक लेख लिखिए।

SECTION-C

III. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(2x15=30)**

12. ज्ञानाश्रयी शाखा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
13. प्रेमचंद के कथासाहित्य का विवेचन कीजिए।
14. भूतकाल को परिभाषित करते हुए उसके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए।
15. कारक की परिभाषा लिखते हुए उसके भेदों पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए।

*****

MHIN-115

OPEN BOOK MA (PREVIOUS) EXAMINATION JANUARY-2021

(SLM Scheme)

HINDI (हिंदी)

Course V : ANUVAD AUR PRAYOJANMOOLAK HINDI

प्रश्न पत्र V : अनुवाद और प्रयोजनमूलक हिंदी

Time: 3 Hours **Max. Marks : 80**

Note : All Sections are Compulsory

SECTION-A

I. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(4x5=20)**

1. किन्हीं **पाँच** शब्दों के **हिंदी** पर्याय लिखिए—
   - (a) Ledger
   - (b) Passport
   - (c) Worker
   - (d) Ordinance
   - (e) Interview
   - (f) Election Commission
   - (g) Body Guard
   - (h) Bureaucracy

2. **किन्हीं पाँच शब्दों के अंग्रेजी पर्याय लिखिए--**
   - (1) स्पष्टीकरण
   - (2) पंजीयन
   - (3) सहमति
   - (4) सुरक्षा अधिकारी
   - (5) क्रियाविधि
   - (6) पदनाम
   - (7) पिछड़े वर्ग
   - (8) स्वास्थ्य मंत्रालय

3. अनुवाद की प्रकृति का परिचय दीजिए।

4. अधिसूचना का उपयोग कब किया जाता है? अधिसूचना लिखने की विधि को स्पष्ट कीजिए।

5. राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन हेतु सरकार ने किन-किन समितियों का गठन किया है और उनका कार्य क्या है?
6. हिंदी में विज्ञापन कला का परिचय दीजिए।

SECTION-B

II. किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(3x10=30)**

7. अनुवाद के विभिन्न सिद्धांतों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
8. स्पष्ट कीजिए कि अनुवाद कला है या विज्ञान?
9. अनुवाद और भाषा विज्ञान के संबंध को स्पष्ट कीजिए।
10. कार्यालय आदेश कब जारी किया जाता है? किसी एक मामले से संबंधित कार्यालय आदेश का नमूना प्रस्तुत कीजिए।
11. संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की अनिवार्यता पर विचार कीजिए।

SECTION-C

III. किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए-- **(2x15=30)**

12. राजभाषआ हिंदी के संवैधानिक उपबंधों का परिचय दीजिए।
13. प्रयोजनमूलक हिंदी किसे कहते हैं? इसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए।
14. 'प्रयोजनमूलक हिंदी' के क्षेत्र-विस्तार पर प्रकाश डालिए।
15. टिप्पण की पद्धतियों पर प्रकाश डालिए।

*****